







## एक नजर में

### भाजपा जिलाध्यक्ष का मक्सी में भव्य स्वागत



**मक्सी,16 जनवरी.** शाजापुर जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे के कार्यकाल का सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को मक्सी में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम मक्सी झंडा चौक, नया बाजार स्थित भावसार धर्मशाला में संपन्न हुआ. सुनील नानू पंड्या मित्र मंडली के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में डॉ.रवि पांडे का पुष्पवर्षा कर, फूल माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर तथा राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट कर एवं मातृ शक्तिया द्वारा भी आत्मीय स्वागत किया गया. उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई. इस अवसर पर सुनील नानू पंड्या, दयाराम मंडलोई, मनोज पटेल, राघवेंद्र सिंह सेंगर, डॉ.दीक्षित, हंसराज जैन, संजय जैन, सपन गुप्ता, हरीश गुड्डू पांडे, मनीष वर्मा, मुकीम पठान, राजेश गुप्ता, अजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम के अंत में सभी ने डॉ. पांडे को उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम के समापन के पश्चात सुनील नानू पंड्या मित्र मंडली द्वारा स्वल्पाहार भी कराया गया.

### शैक्षिक गतिविधियों की समीक्षा की



**शुजालपुर,16 जनवरी.** जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर में जनवरी माह की विकासखंड स्तरीय बीपीएमयू बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता बीआरसीसी सुरेन्द्र गोखले ने की. बैठक में विकासखंड के सभी ब्लॉकों से बीएसी, सीएसी तथा ब्लॉक मिशन अंकुर प्रभारी संजय राजपूत की उपस्थिति रही. बैठक में जनशिक्षकों के साथ शैक्षिक गतिविधियों की समीक्षा की गई. मेंटरिंग के केपीएलएस शिक्षक संदर्शिका के प्रभावी उपयोग एवं कार्य पुस्तिकाओं की जांच पर विस्तृत चर्चा की गई. बीआरसीसी ने दिसंबर माह के ट्रैकर डेटा पर संक्षिप्त चर्चा करते हुए, बैठक में छात्र उपस्थिति बढ़ाने, मासिक ट्रैकर डाटा एवं आवधिक आकलन की जनशिक्षा केंद्रवार समीक्षा की गई. बॉटम 2 जनशिक्षा केंद्रों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर निरंतर फॉलोअप लेने तथा कक्षा अवलोकन में दिए गए सुझावों की प्रति दो दिवस में वीडियो कॉल के माध्यम से समीक्षा करने के निर्देश दिए गए. इस अवसर पर ब्लॉक मिशन अंकुर प्रभारी संजय राजपूत द्वारा एफएलएन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कक्षा स्तरीय शिक्षण की गुणवत्ता, सतत मेंटरिंग, ट्रैकर आधारित योजना तथा डेटा के प्रभावी उपयोग पर मार्गदर्शन दिया गया. उन्होंने भाषा एवं गणित की प्रमुख दक्षताओं पर केंद्रित शिक्षण और नियमित फॉलोअप को अत्यंत आवश्यक बताया. बैठक के दौरान एफएलएन से संबंधित क्विज़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें जनशिक्षक धनपाल चंद्रवंशी ने प्रथम स्थान तथा संतोष परमार एवं धर्मेंद्र यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. बैठक में शैक्षिक गुणवत्ता योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, शत प्रतिशत मेंटरिंग सुनिश्चित करने एवं अधिक सपोर्ट वाली शालाओं की सीएसी के साथ विकासखंड स्तर पर समीक्षा पर विशेष जोर दिया गया.

### एकादशी पर बाबा का फूलों से किया श्रृंगार



**शुजालपुर, 16 जनवरी.** एकादशी के अवसर पर शनि धाम स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर अकोदिया पर अल सुबह से ही दर्शनतार्थ के लिए भक्तों का ताता लगा रहा. कड़कड़ाती ठंड पर भक्तों की आस्था भारी रही, हर श्याम प्रेमी बाबा श्याम की एक झलक पाने को आतुर दिखाई दिया. खाटू श्याम मंदिर इन दिनों भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है, प्रतिदिन नगर सहित दूर .दूर ग्रामीण अंचलों से दर्शनों के लिए भक्तों का आना-जाना लगा रहता है. एकादशी के अवसर पर बाबा का फूलों से आकर्षक श्रंगार किया गया तथा मंदिर की आकर्षक साज सज्जा की गई, दोपहर में मंदिर के पुजारी पंडित हेमंत शर्मा के सानिध्य में बाबा की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई एवं महिला मंडल की श्याम प्रेमियों द्वारा ताली कीर्तन के माध्यम से श्याम नाम का गुणगान किया गया. साथ ही शाम को महाआरती के साथ ही महाप्रसादी का वितरण किया गया. आयोजन में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों ने हिस्सा लेकर महाआरती एवं महाप्रसादी का लाभ लिया.

### युवा दिवस पर एबीवीपी ने नगर में निकाली रैली



**मोहन बड़ोदिया, 16 जनवरी.** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस मनाते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी की नगर इकाई द्वारा शुक्रवार को मोहन बड़ोदिया में भव्य रैली निकाली गई एवं खुला मंच कार्यक्रम आयोजित किया गया. स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत रैली नलखेड़ा रोड स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी से प्रारंभ हुई. यह रैली बस स्टैंड, हाट बाजार, फूलचंद चौराहा और दाऊजी मंदिर होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर परिसर पहुंची, जहां खुला मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एबीवीपी मालवा प्रांत कार्यसमिति सदस्य प्रणय पांचाल उपस्थित रहे. विशिष्ट अतिथियों में एबीवीपी जिला संयोजक वंशराज सिंह जादौन, नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंघवी एवं नगर मंत्री कनक सोनी शामिल रहे. अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका तथा संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम के दौरान युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक जागरूकता और संगठनात्मक एकता का संदेश दिया गया. नगर में निकाली गई रैली का विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने स्वागत किया.

# शुद्धता की जांच के बाद नगर में होती है पानी की सप्लाई

## प्रतिदिन डाले जा रहे 2 हजार किलो एलम और 450 किलो ब्लीचिंग पाउडर

**शाजापुर, 16 जनवरी. नगरवासियों को एक दिन छोडक़र नगर पालिका द्वारा जल वितरण किया जा रहा है. इस जल को शुद्ध करने के लिए जल शुद्धिकरण केंद्र में प्रतिदिन नपा द्वारा करीब 2 हजार किलो एलम और 450 किलो ब्लीचिंग पाउडर डाला जाता है. इसके बाद इस पानी को फिल्टर प्लांट में साफ करने के बाद आधे नगर में प्रदाय किया जाता है. पानी को साफ करने के लिए इसमें एलम और ब्लीचिंग पाउडर डालने का कार्य यहां तैनात कर्मचारियों द्वारा किया जाता है. दवाईयां डाली जाती है. इसके लिए पानी की रेंडम सैम्पलिंग की जाती है. वहीं अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण भी किया जाता है.**



पानी को साफ करने के लिए रखा एलम

उल्लेखनीय है कि इंदौर में हुए हादसे के बाद सभी ओर पानी की शुद्धता को लेकर सर्तकर्ता बरती जा रही है. अधिकारियों का दल वार्डों में घुमकर पानी की शुद्धता का निरीक्षण कर रहा है. गत दिवस एसडीएमए सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों ने जल शुद्धिकरण केंद्र का निरीक्षण किया था. जल

### दो दिनों के पानी का रखा जाता है स्टॉक...

जानकारी के अनुसार नपा द्वारा जल शुद्धिकरण केंद्र में नगर में सप्लाई किए जाने वाले पानी का दो दिन का स्टाक हमेशा रखा जाता है. इस सभी को एलम और ब्लीचिंग डालकर साफ किया जाता है. ताकि नगर में जल वितरण के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए.

### लिकेज नल कनेक्शन को किया जा रहा दुरूस्त

नगर पालिका द्वारा नगर में प्रतिदिन अलग-अलग वार्डों में भ्रमण करके नल कनेक्शनों की जांच की जा रही है. इसमें सबसे बड़ी बात यह सामने आई कि कई जगह पर नल कनेक्शन लिकेज है. ऐसे नल कनेक्शनों को दुरुस्त किया जा रहा है, हाल ही में नपा द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 1, 14 और 25 में भ्रमण करके ऐसे नल कनेक्शनों को ठीक करवाया गया. नपा के अनुसार लगातार वे इस पर ध्यान दे रहे हैं .जिससे किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए.



फिल्टर प्लांट में पानी को साफ करने के बाद किया जाता है सप्लाई

**अधिकारियों के अनुसार पानी को साफ करने के लिए तय मानक के अनुसार ही उक्त** शुद्धिकरण केंद्र में चीलर डैम में जमा पानी को पाइप लाइन के माध्यम से लाया जाता है. इसके बाद इस पानी को यहां बनाएं हुए गड्ढों में भरा जाता है. यहां पर इसमें प्रतिदिन 20 किलो वजनी एलम की 100 सिल्लियां डाली जाती है. इसके साथ ही तीन बेग ब्लीचिंग पाउडर इसमें डाला जाता है. प्रत्येक बेग का वजन 150 किलो रहता है. इतनी मात्रा में एलम और ब्लीचिंग पाउडर डालने के बाद इस पानी को फिल्टर प्लांट में साफकरके नगर में बनाई हुई 6 पानी की टंकियों तक पहुंचाया जाता है. इन टंकियों से नगर के करीब 12 हजार से ज्यादा नल कनेक्शनों के माध्यम से इस पानी को पूरे नगर में घर-घर सप्लाई किया जाता है. हालांकि नपा के फिल्टर प्लांट की क्षमता के अनुसार एक दिन में आधे नगर में ही जल वितरण हो पाता है. जबकि शेष आधे नगर में दूसरे दिन जल वितरण किया जाता है.

### अभी तक नहीं बदला मानक...

उल्लेखनीय है कि पूर्व में चीलर डैम से जल शुद्धिकरण केंद्र तक पानी खुली नहर और नदी में बहकर आता था. जिससे इसमें पूरे रास्ते में और भी गंदगी मिलती थी, लेकिन अब चीलर डैम से सीधे पाइप लाइन के माध्यम से पानी को सीधे जल शुद्धिकरण केंद्र में पहुंचाया जा रहा है. ऐसे में सबसे खास बात यह है कि जब पानी खुले माध्यम से जल शुद्धिकरण केंद्र पहुंचता था तब भी एलम और ब्लीचिंग की मात्रा इतनी ही डाली जाती थी, जितनी अब पाइप लाइन के माध्यम से आने के बाद डाली जाती है. ऐसे में सवाल उठता है कि पानी को पाइप लाइन के माध्यम से लाने के बाद भी इसे साफकरने के लिए डाले जाने वाले एलम और ब्लीचिंग के मानक में कोई परिवर्तन करने की जरूरत क्यों नहीं पड़ी.

### इनका कहना है

*जल शुद्धिकरण केंद्र पर तय मानक के अनुसार ही एलम और ब्लीचिंग पाउडर पानी को साफ करने के लिए डाला जाता है. यहां पर समय-समय पर इंजीनियर द्वारा निरीक्षण भी किया जाता है. इसके साथ ही पूरे माह में कभी भी नगर में हो रहे जल वितरण की रेंडम सैम्पलिंग की जाकर जांच भी की जाती है. पानी को साफकरके ही नगर में प्रदाय किया जा रहा है.*

*-भूपेंद्रकुमार दीक्षित, सीएमओ, नगर पालिका, शाजापुर*

# अच्छी विवेचना और सख्त कार्रवाई के कारण अफीम तस्कर को 15 साल की सजा

## बेरछा पुलिस ने 2021 में कार से पकड़ी थी 7 किलो अफीम

**शाजापुर, 16 जनवरी. यदि नशा या अन्य अपराध के मामले में पुलिस सख्त कार्यवाही करे और अच्छी विवेचना करे, तो निश्चित तौर पर आरोपियों को न्यायालय से सजा दिलाने में कोई रोक नहीं सकता है. कई ऐसे मामले होते हैं कि विवेचना की लचर व्यवस्था और पुलिस की लापरवाहीपूर्ण कार्यवाही से कभीक-कभी आरोपियों को संदेह का लाभ मिल जाता है और वे न्यायालय से बरी हो जाते हैं लेकिन 2021 में बेरछा पुलिस ने एक कार से 7 किलो अफीम पकड़ी थी, इस मामले में पुलिस ने सख्त कार्यवाही करते हुए अच्छी विवेचना की, जिसके कारण आज आरोपियों को न्यायालय ने 15 साल की सजा सुनाई.**

गौरतलब है कि 7 फरवरी 2021 को बेरछा के तत्कालीन उप निरीक्षक रवि भंडारी को सूचना मिली कि शुजालपुर से बेरछा की ओर काले रंग की कार जिसमें अवैध अफीम रखी गई है. रंथभंवर के फाटे पर नाकाबंदी की गई. तलाशी में कार से 14 पैकेट बराकद किए, जिनका वजन 7 किग्रा था, जिसमें इकबाल पिता दिलावर खां को मौके पर हिरासत में लिया और पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया. यह आरोपी हाईवे पर ट्रक ड्राइवरों को अफीम की सप्लाय करता था. अभियोजन ने प्रभावी साक्ष्य, तर्क प्रस्तुत किए, जिस पर 15 जनवरी को आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 08/18 के तहत 15 वर्ष की कठोर कैद और 2 लाख के जुर्माने से दंडित किया. जिले की विशेष सत्र न्यायालय ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी इकबाल खान को सख्त सजा सुनाई.

### काले रंग की कार से मिली थी अफीम...

14 पैकेट के साथ लगभग 7 किलो अफीम एक काले रंग की कार में आरोपी इकबाल पिता दिलावर खान निवासी जावरा जो गाड़ी चला रहा था, ड्राइवर की सीट के नीचे काला बैग बरामद हुआ, जिसमें अफीम मिली. यह अफीम हाईवे पर ट्रक ड्राइवरों को सप्लाय की जाती थी.

### हम्माल को ट्रक ने मारी टक्कर

**शुजालपुर,16 जनवरी.** कृषि उपज मंडी शुजालपुर में हम्माली का कार्य करने वाले एक युवक को ट्रक ने टक्कर मार दी. पुलिस मंडी को फरियादी मनोज पिता मनोहरसिंह ने बताया कि राकेश पिता संतोष शर्मा मंडी में हम्माली का कार्य करता है और बुधवार की शाम को ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 0525 के चालक राकेश को टक्कर मार दी, जिससे उसे गंभीर चोटे आई. मंडी में मौजूद श्रमिकों ने ट्रक को रोक लिया और ट्रक चालक याकिब पिता रफीक खां निवासी कालापीपल बताया गया, जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया.

### धरना, प्रदर्शन, जुलुस, रैली पर प्रतिबंध

**शाजापुर, 16 जनवरी.** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने जिले में विभिन्न संप्रदाय एवं राजनीतिक दलों द्वारा बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन, जुलूस आदि को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जन सामान्य के कल्याण एवं लोक शांति को कायम रखने के लिए शाजापुर जिले के अंतर्गत आने वाली संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है, जिसके अनुसार सभी प्रकार के सार्वजनिक स्थानों, चौराहों, चौपाल, नगर के तिराहे इत्यादि में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली आदि को प्रतिबंधित किया गया है. किसी भी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली आदि के आयोजन एवं उसके संचालन के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी से लिखित में आवेदन कर अनुमति आदेश प्राप्त करना होगा. इस आदेश से व्यथित व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (5) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा. यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करेगा, तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत अभियोजन के लिए उत्तरदायी होगा.

# स्टार्ट अप को प्रोत्साहित कर विद्यार्थियों से आगे बढ़ने का किया आव्हान

## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में स्टार्टअप दिवस मनाया



**शाजापुर,16 जनवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन कॉलेज, शाजापुर में स्टार्ट अप दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलवंत सितोलिया जिला प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन शाजापुर विशेष अतिथि श्रीमती बबीता बोसए, शिवानी शैक्षणिक समिति एवं मुख्य वक्ता डॉ. कपिल जाटव, टीपीओ शा. कन्या महाविद्यालय उपस्थित थे.**

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. कपिल जाटव ने स्टार्ट अप के संबंध में विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी. उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में शासन द्वारा भी स्टार्ट अप को प्रोत्साहित करते हुए विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आव्हान किया है. मुख्य अतिथि बलवंत सितोलिया ने ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वसहायता समूह के माध्यम से संचालित रोजगार कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की. महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील आडवानी ने उद्यमिता के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को उद्यमी बनने के बारे में प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आरसी चौहान ने स्टार्ट अप के उद्देश्य एवं इसके तहत प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी. कार्यक्रम का आभार डॉ. दौलतराम राठौर ने माना.



#### गर्ल्स कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस

किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत श्राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के परिप्रेक्ष्य में उद्यमिता और स्टार्टअप संबंधी गतिविधि के तहत व्याख्यान का आयोजन किया गया. मुख्य वक्ता के रूप में पीएम कॉलेज आफएक्सीलेंस के प्राध्यापक डॉ. आरसी चौहान ने छात्राओं को वर्तमान में स्टार्टअप के महत्व बताते हुए उनकी स्थापना एवं फंडिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की. इसके पश्चात जिला रोजगार कार्यालय, शाजापुर से कैरियर मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित बीएल गुवाटिया ने रोजगार पंजीयन की जानकारी के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की शासन की रोजगारोन्मुखी योजनाओं का परिचय देते हुए उनके आवेदन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया. कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर संदीप कुमार सिंह ने किया एवं आभार श्रीमती दीपिका गुप्ता ने माना. उक्त कार्यक्रम में जेपी माथुर, आदित्य सक्सेना, नरेंद्र कुमार भाटी, शंकरलाल कुशवाह सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही.

#### आज का युग नवाचार और उद्यमिता का है

**शुजालपुर,** जवाहरलाल नेहरू शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस का आयोजन स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति से परिचित कराना तथा स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना रहा. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि आज का युग नवाचार और उद्यमिता का है. भारत तेजी से स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है और युवाओं के पास अपने विचारों को व्यवसाय में बदलने के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं. उन्होंने कहा कि स्टार्टअप न केवल रोजगार सृजन का माध्यम है, बल्कि आर्थिक विकास और सामाजिक समस्याओं के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. मुख्य वक्ता प्रभारी स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ डॉ. आशीष यादव ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप विकास की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी.



एक नजर में

## अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, स्पष्टीकरण और जांच की मांग

# एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी, कांग्रेस ने दर्ज कराई आपत्ति

**शाजापुर, 16 जनवरी. शुक्रवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में कांग्रेस पार्टी द्वारा एसआईआर पर सवाल उठाए गए. साथ ही लिखित शिकायत के माध्यम से आपत्ति दर्ज करवाई गई.**



अपर कलेक्टर बीएल सोलंकी को सौंपे गए ज्ञापन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से मतदाताओं के नाम काटने की सूची पर आपत्ति लेकर जांच की मांग जिला निर्वाचन अधिकारी से की गई. कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि बूथ स्तर पर पदस्थ बीएलओ द्वारा यह बताया जा रहा है कि उन्हें तहसीलदार से एक सूची प्राप्त हुई है, जिसमें दर्ज नाम पर यह कहकर जांच करने के निर्देश दिए गए कि इन नाम पर आपत्तियां प्राप्त हुई है, इन्हें हटाया जाए, जबकि आपत्ति किसके द्वारा किस आधार पर एवं किन कारणों के साथ दर्ज कराई गई, इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं बताई जा रही. इस आधार पर कांग्रेस पार्टी ने नियमों की अवहेलना करने और मतदाताओं के नाम काटने के षडयंत्र का आरोप लगाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी से मामले की जांच और आपत्ति लेने के अधिकार प्रक्रिया एवं प्रमाणों के संबंध में स्पष्टीकरण और जांच की मांग की है. इस अवसर पर जिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार, राजकुमार कराड़ा, आशुतोष शर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद खान, सीताराम पवैया, राजीव दुबे, दीपक निगम, राजेश पारछे, सत्या वात्रे, सचिन पाटीदार, अशफाक खान, धर्मेंद्र प्रजापति, अकील वारसी, अंकित अम्बावतिया एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार आज

**शुजालपुर, 16 जनवरी.** जवाहरलाल नेहरु स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में 17 जनवरी को एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया जाएगा. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके शर्मा ने बताया कि आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं पीएम उषा योजना के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा और बौद्धिक पुनर्जागरण : पर्यावरण, सामाजिक और आर्थिक नीतियों का पुनरावलोकन विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार आयोजित किया जाएगा. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार उपस्थित रहेंगे.